प्रेस नोट **22.03.2023**

वीजा बनाकर विदेश भेजने के नाम पर रूपये लेकर ठगी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 22.03.2023 को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान ढाढाचवर से मु0अ0सं0 100/23 धारा 406,420,509,506 भादवि0 में वांछित अभियुक्तगण राहुल चौहान पुत्र जयप्रकाश उर्फ मुन्ना, जयप्रकाश उर्फ मुन्ना पुत्र राममूरत चौहान निवासीगण मीरपुर रहीमाबाद थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 22.03.2023 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा गोठा बाजार से मु0अ0सं0 55/23 धारा 376,323,504,493 भादवि0 व धारा 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त साहिल यादव पुत्र रामसागर यादव निवासी टीकरी गोठा थाना दोहरीघाट, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा कसारा मोड़ के पास से मु0अ0सं0 473/23 धारा 467,468,471,504,506 भादवि0 में वांछित अभियुक्त राजेश राय पुत्र हरिहर राय निवासी भदसा मानोपुर थाना कोपागंज जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

शांति भंग की आशंका में 07 व्यक्ति व 02 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 22.03.2023 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अजमल निवासी रेलवे कोलोनी थाना कोतवाली, थाना मधुबन पुलिस द्वारा जगदीश, कुबेर यादव निवासीगण खैरादेवारा थाना मधुबन, थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा दीपक राजभर, राजेश राजभर निवासीगण इटौरा चौबेपुर थाना मुहम्मदाबाद, थाना रानीपुर पुलिस द्वारा सउद अहमद निवासी सदर चौक थाना कोतवाली, थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा नितेश राजभर निवासी मठमोहम्मदपुर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी तथा थाना मधुबन पुलिस द्वारा घुरभारी पुत्र दीपचन्द्र, राजन पुत्र बालेश्वर निवासीगण कटघराशंकर थाना मधुबन जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।